# समापन भाषण

**माननीय नेता, सत्तारूढ़ दल**

**माननीया नेता, विरोधी दल**

**मंत्रिपरिषद् के माननीय सदस्यगण**
**विभिन्न दलों के माननीय नेतागण**
**बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण**

बिहार विधान परिषद् के 192वाँ मानसून सत्र का आज समापन हो रहा है। इस सत्र में कुल 21 बैठकें आयोजित हुईं। सत्र के दौरान प्रश्न, ध्यानाकर्षण, शून्यकाल एवं निवेदन के माध्यम से जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मामले सदन में लाए गए।

इस सत्र के दौरान माननीय सदस्यों ने अपने संसदीय दायित्वों का निर्वहन करते हुए सदन में लोकहित से जुड़ी समस्याओं के समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शायी।

इस सत्र के लिए कुल 303 अल्पसूचित प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुईं, उनमें से कुल 282 प्रश्नों को स्वीकृति प्रदान की गयी तथा कुल 178 प्रश्न उत्तरित हुए।

इस सत्र के लिए कुल 776 तारांकित प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुईं, उनमें से कुल 736 प्रश्नों को स्वीकृति प्रदान की गयी तथा कुल 333 प्रश्न उत्तरित हुए।

इस सत्र के लिए कुल 214 ध्यानाकर्षण सूचनाएं प्राप्त हुईं, 147 सूचनाओं को स्वीकृति प्रदान कर सदन के कार्यक्रम पर लाया गया जिसमें से 110 सूचनाएं उत्तरित हुईं। 08 सूचनाएं व्यपगत हुईं। शेष सूचनाओं को सदन की सहमति से प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति के विचारार्थ सुपुर्द किया गया।

शून्यकाल की कुल 178 सूचनाएं प्राप्त हुईं जिनमें से 169 सूचनाओं को स्वीकृत कर सदन पटल पर लाया गया।

कुल 198 निवेदनों की सूचनाएं प्राप्त हुईं। सभी निवेदनों को सदन की सहमति से निवेदन समिति को सुपुर्द किया गया।

इस सत्र के दौरान वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक पर वाद-विवाद एवं वित्तीय वर्ष 2019-20 की प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी पर सामान्य वाद-विवाद एवं सरकार का उत्तर हुआ। कई विधायी एवं वित्तीय कार्यों के सफलतापूर्वक निष्पादन के साथ-साथ निम्नांकित महत्वपूर्ण विधेयक भी पारित किए गए :

1. बिहार विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2019
2. बिहार विनियोग (संख्या-3), विधेयक, 2019
3. बिहार विनियोग अधिकाई व्यय (1977-78, 1978-79, 1984-85, 1987-88, 1988-89, 1990-91, 1998-99, 1999-2000, 2003-04, 2010-11 एवं 2015-16) विधेयक, 2019
4. बिहार मोटर वाहन करारोपण (संशोधन) विधेयक, 2019
5. बिहार तकनीकी सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2019 एवं
6. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति विधेयक, 2019

मैं सदन को मर्यादित एवं अनुशासित रूप से चलाने में रचनात्मक सहयोग देने के लिए सभी दल के नेताओं एवं माननीय सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

बिहार विधान परिषद् के वर्तमान सत्र में नेशनल ई-विधान (नेवा) का सफलतापूर्वक प्रयोग किया गया। माननीय सदस्यों ने इसमें विशेष अभिरुचि दिखाई। कुल 14 माननीय सदस्यों ने नेवा सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हुए 72 तारांकित प्रश्न सचिवालय को प्रेषित किया। बिहार सरकार के लगभग सभी विभागों द्वारा इस क्रम में सकारात्मक रुख अपनाते हुए 196 तारांकित प्रश्नों का ऑनलाईन उत्तर दिया गया। इस सत्र में सभी ध्यानाकर्षण नेवा के माध्यम से ऑनलाईन भेजे गए। यह काफी उत्साहवर्द्धक आंकड़ा है। आगामी सत्र में भी अल्पसूचित प्रश्न, तारांकित प्रश्न, ध्यानाकर्षण एवं निवेदन सहित माननीय सदस्यों से प्राप्त अन्य सूचनाएं भी नेवा के माध्यम से विभाग को भेजी जाएंगी एवं उन पर उत्तर प्राप्त किया जाएगा।

विगत 13 जुलाई, 2019 को माननीय मुख्य मंत्री जी की पहल पर संसदीय कार्य विभाग के तत्वावधान में विधान मंडल के सेंट्रल हॉल में **'राज्य में जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न आपदाजनक स्थिति पर विमर्श'** विषय पर राज्य के माननीय मंत्रियों, विधान मंडल के सभी दल के माननीय सदस्यों एवं विभाग के प्रधान सचिवों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस क्रम में माननीय मुख्य मंत्री जी द्वारा प्रदेश में **'जल-जीवन एवं हरियाली'** अभियान को जल्द– से-जल्द शुरू किए जाने एवं जनमानस को जागरूक किए जाने हेतु कार्य योजना बनाने पर बल दिया गया। उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग से पृथ्वी के तापमान में हो रही वृद्धि पर अपनी चिंता प्रकट करते हुए प्रदेश के विभिन्न जल स्रोतों का समुचित रख-रखाव एवं प्रबंधन हेतु पुरातन एवं नवीनतम विधि को अपनाए जाने की बातें कहीं। यह पर्यावरण के प्रति उनकी संवेदनशीलता एवं दूरदर्शिता का परिचायक है।

आज देश कारगिल विजय की बीसवीं वर्षगांठ मना रहा है। भारतीय वीर सैनिकों ने आज के दिन अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए विषम परिस्थितियों में कारगिल की चोटी पर भारत का तिरंगा फहराया। इस गौरवपूर्ण कारगिल विजय दिवस पर अमर शहीद सैनिकों को शत् शत् नमन।

22 जुलाई, 2019 को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से देश के ऐतिहासिक महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष चन्द्रयान-2 का प्रक्षेपण इसरो के वैज्ञानिकों द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। इस मिशन से देश को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कामयाबी हासिल होगी। इस अभियान से अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को चंद्रमा के अनसुलझे अनेक रहस्यों से अवगत होने का मौका मिलेगा। इससे भारत की शक्ति और क्षमता में वृद्धि होगी। अतएव इस मिशन की सफलता से जुड़े सभी वैज्ञानिक बधाई के पात्र हैं।

यह बड़े हर्ष की बात है कि असम के साधारण किसान परिवार में जन्मी 19 वर्षीया भारतीय धावक (एथलीट) गोल्डन गर्ल हीमा दास ने एक माह के भीतर लगातार पांच इंटरनेशनल गोल्ड मेडल जीत कर देश का नाम रौशन किया है। इस शानदार प्रदर्शन से हीमा दास ने एक नया इतिहास रचा है। देश का गौरव बढ़ाने के लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं।

मैं माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री, माननीय मंत्रीगण, माननीया नेता, विरोधी दल, माननीय मुख्य सचेतक एवं माननीय सचेतकगण का आभारी हूं क्योंकि इन्होंने अपने दायित्वों के प्रति अटूट निष्ठा का परिचय दिया। मैं प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार एवं छायाकार बंधुओं के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने सदन की कार्यवाही को प्रकाशित और प्रसारित करते हुए जन सामान्य से हमारे रिश्ते को प्रगाढ़ करने की जिम्मेदारी निभायी है।

मैं बिहार विधान परिषद् के कार्यकारी सचिव एवं परिषद् सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने अपने अथक परिश्रम से संसदीय कार्यों के संचालन में मेरा भरपूर सहयोग किया है।

26 जुलाई, 2019

**मो. हारुण रशीद**
**कार्यकारी सभापति**